# कार्यालय आयुक्त, भू–अभिलेख, छत्तीसगढ़, रायपुर

## ::– सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन –::

क्रमॉक 907 /आभूअ./स्था.–5/ 2014 रायपुर, 22/ 2/2014

छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय रायपुर के पत्र क्रमॉक एफ–2/101/03 राजस्व/सात/स्था/दिनांक 17.03.2003, पत्र क्रमॉक एफ–224/2005/सात–3 दिनांक 29.12.2005, पत्र क्रमॉक एफ–1–139/2008/सात–3 दिनांक 04 अगस्त 2008 एवं पत्र क्रमॉक एफ–1–139/2007/सात–3 दिनांक 13 जून 2012 के द्वारा आयुक्त भू अभिलेख एवं अधीनस्थ जिला कार्यालय भू अभिलेख के अन्तर्गत स्वीकृत निम्नांकित रिक्त पदों पर सीधी भर्ती से नियुक्ति हेतु छत्तीसगढ़ के मूल निवासी इच्छुक उम्मीदवारों से दिनांक 31/03/2014 शाम 5:00 बजे तक कार्यालय आयुक्त भू अभिलेख, गॉधी चौक रायपुर छत्तीसगढ़ के पते पर निर्धारित प्रारूप में पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं:–

| कोड क्रमांक | पद नाम | वेतन +ग्रेड वेतन | अनारक्षित | अ.जा. | अ.ज.जा. | अ. पि.व. | कुल संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | सहायक प्रोग्रामर | 9300–34800+ 4300 | 06 | 02 | 04 | 02 | 14 |
| 02 | डाटा एन्ट्री आपेरटर | 5200–20200 +2400 | 89 | 25 | 67 | 29 | 210 |
| 03 | सगणक (सांख्यिकीय | 5200–20200 +2200 | 05 | 01 | 04 | 01 | 11 |
| 04 | सहायक ग्रेड–3 | 5200–20200 +1900 | 04 | 01 | 03 | 02 | 10 |
| 05 | भृत्य | 4750–7440 +1300 | 02 | – | 02 | 01 | 05 |

**शैक्षणिक योग्यता :–**

**पद का कोड क्रमांक 01 के लिए निर्धारित भौक्षणिक योग्यता :–**

(अ) बी.ई./बी.टेक/बी.एस.सी. (इंजीनियरिंग) या कम्प्यूटर सांइस स्नातक में प्रथम श्रेणी या समतुल्य श्रेणी। अथवा

(ब) एम.सी.ए./एम.सी.एम./सूचना प्रौद्योगिकी में स्नातकोत्तर/कम्प्यूटर साइस स्नातक में प्रथम श्रेणी या समतुल्य। अथवा

(स) बी.सी.ए./बी.सी.एम/सूचना प्रौद्योगिकी में स्नातक/कम्प्यूटर साइस में बी.एस.सी./बी.ए. कम्प्यूटर साइस/कम्प्यूटर एप्लीकेशन में पोस्ट ग्रेज्युएट डिप्लोमा सहित/स्नातक डिग्री और पोस्ट ग्रेज्यूएट डिप्लोमा प्रथम श्रेणी समतुल्य।

**पद का कोड कमांक 02 के लिए निर्धारित भौक्षणिक योग्यता :–**

(अ) उच्चतर माध्यमिक परीक्षा या (10+2) परीक्षा मान्यता प्राप्त शिक्षा मंडल से उत्तीर्ण अथवा किसी भी विषय में त्रिवर्षीय डिप्लोमा ।

(ब) शासन द्वारा किसी मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एन्ट्री आपरेटर/प्रोग्रामिंग में 1 वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण–पत्र या कम्प्यूटर में डाटा एन्ट्री का हिन्दी एवं अंग्रेजी 8000 की (Key) डिप्रेशन प्रति घंटा की गति।

**पद का कोड कमांक 03 के लिए निर्धारित भौक्षणिक योग्यता :–**

(अ) अर्थशास्त्र, वाणिज्य, गणित और कृषि में से किसी 1 विषय में मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि।

**पद का कोड कमांक 04 के लिए निर्धारित भौक्षणिक योग्यता :–**

(अ) उच्चतर माध्यमिक परीक्षा या (10+2) परीक्षा मान्यता प्राप्त शिक्षा मंडल से उत्तीर्ण अथवा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक पाठयक्रम की प्रथम वर्ष की परीक्षा उत्तीर्ण।

(ब) शासन द्वारा किसी मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एन्ट्री आपरेटर/प्रोग्रामिंग में 1 वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण–पत्र तथा

(स) कम्प्यूटर में हिन्दी टायपिंग का 5000 की (Key) डिप्रेशन प्रति घंटा की गति होना आवश्यक है।

**पद का कोड कमांक 05 के लिए निर्धारित भौक्षणिक योग्यता :–**

(अ) कक्षा पांचवी उत्तीर्ण होना आवश्यक है।

**नियम एवं शर्तेः–**

1. आवेदक छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना अनिवार्य है, जिसकी पुष्टि हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण–पत्र की अभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न किया जावे ।
2. पद के लिए निर्धारित अनिवार्य शैक्षणिक अर्हताएं/अनुभव न्यूनतम है और इन अर्हताओं के होने मात्र से ही आवेदक नियुक्ति का हकदार नही होगा ।
3. अलग–अलग पदों के लिये अलग–अलग आवेदन करना होगा।
4. आवेदक अपनी अर्हता की जांच स्वयं कर लें और अर्हता की समस्त शर्तो को पूरा करने पर ही आवेदन पत्र भेजें, चयन के किसी भी स्तर पर आवेदक को अयोग्य पाये जाने पर उनका आवेदन पत्र निरस्त कर उसकी उम्मीदवारी समाप्त की जावेगी ।
5. आवेदन पत्र विज्ञापन में प्रकाशित निर्धारित प्रपत्र में होगें अन्यथा आवेदन पत्र अमान्य किया जावेगा।
6. आवेदक अपने आवेदन पत्र में निर्दिष्ट स्थान पर स्वयं के पासपोर्ट साइज का फोटो को राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रमाणित कर चस्पा करें।
7. चयनित उम्मीदवारों की नियुक्ति दो वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर की जावेगी ।
8. आयु दिनांक 01 जनवरी 2014 न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम छ.ग.शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी पत्र कमांक एफ–3–2/2002/1–3 दिनांक 27.09.2013 एवं समसंख्यक

पत्र दिनांक 22.12.2013 के अनुसार आगामी भर्ती जो कैलेण्डर वर्ष 2014 की समाप्ति के पूर्व की जावेगी, में केवल एक बार के लिए छ.ग. के स्थानीय निवासियों के लिए अधिकतम आयु सीमा 35 वर्ष में 05 वर्ष की छूट प्रदान की गई है। फलस्वरूप अधिकतम आयु 40 वर्ष की जाती है। विशेष वर्गों के लिए अधिकतम आयु सीमा में देय अन्य छूट यथावत लागू रहेगी। किन्तु ऐसी छूट को मिलाकर अधिकतम आयु 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

9 सहायक प्रोग्रामर एवं संगणक सांख्यिकीय की निम्नतम आयु 21 वर्ष एवं डाटा एंट्री आपरेटर,सहायक ग्रेड–3 एवं भृत्य की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिये ।

10. छत्तीसगढ़ राज्य के जिला रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन होना आवश्यक है पुष्टि हेतु अभिप्रमाणित छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है ।

11 किसी संस्था/निगम/शासकीय कार्यालय में कार्यरत सेवकों को नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा ।

12 अपूर्ण एवं अस्पष्ट व निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा एवं किसी भी अपूर्ण, अस्पष्ट एवं निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्र निरस्त किये जाने पर उसकी सूचना आवेदक को देना आवश्यक नहीं होगा ।

13 आवेदन–पत्र स्पीड पोस्ट /रजिर्स्टड डाक से ही भेजें । सीधे आवेदन–पत्र स्वीकार नहीं किये जावेगें ।

14 कोड क्रमांक 1, 2 एवं 4 के उम्मीदवारों का चयन, समिति द्वारा कौशल परीक्षा के पश्चात मैरिट के आधार पर किया जावेगा । कोड क्रमांक 3 एवं 5 का चयन मैरिट के आधार पर किया जावेगा ।

15 महिला उम्मीदवार हेतु संवर्ग में 30 प्रतिशत आरक्षण नियमानुसार होगा ।

16 शारीरिक रूप से अपंग (विकलांगता न्यूनतम 40 प्रतिशत) उम्मीदवार (Physically) Handicaped, Disabled) हेतु 6 प्रतिशत आरक्षण नियमानुसार उपलब्ध होगा ।

17 शासन के नियमानुसार भूतपूर्व सैनिकों के लिए विज्ञापित पदों में आरक्षण का लाभ दिया जायेगा।

18 अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए आरक्षण छत्तीसगढ़ लोक सेवा (अ.ज.जा./अ.जा./अन्य पि. वर्ग हेतु आरक्षण ) नियम 2012 के अनुसार होगा।संबंधित उम्मीदवार को सक्षम अधिकारी द्वाराजारी प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा

19 किसी शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्था में नियुक्त कर्मचारी/संविदा कर्मचारी द्वारा अपने नियोक्ता अधिकारी से अनापत्ति प्रमाण–पत्र अनिवार्य रूप से अवेदन के साथ संलग्न करना होगा ।

20. चयन प्रक्रिया के संबंध में चयन समिति का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा ।

21. उम्मीदवारों का चयन मानक शैक्षणिक योग्यता एवं चयन समिति के द्वारा निर्धारित मापदंड के अनुसार किया जावेगा ।

22. आवेदन पत्र के साथ स्वयं का पता लिखा हुआ 05 रूपये का डाक टिकट लगाकर 9X4 का लिफाफा संलग्न करें ।

23. कोई भी उम्मीदवार जिसने विवाह के लिए नियत की गई न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा, एवं कोई भी उम्मीदवार जिसके दो से अधिक संतान है, जिनमें से एक का जन्म 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात हो, किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा, परन्तु कोई भी उम्मीदवार जिसकी पहले से एक जीवित संतान है तथा आगामी प्रसव 26 जनवरी 2001 को या उसके पश्चात हो, जिसमें दो या दो से अधिक संतान का जन्म होता है, किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिये निरर्हित नहीं होगा।

24. साधारण डाक/कोरियर व अन्य माध्यम एवं सीधे प्राप्त हुए आवेदन पत्रों को स्वीकार नहीं किया जावेगा ।

25. आवेदन पत्र प्रस्तुत करते समय लिफाफे के ऊपर आवेदित पद का नाम, जाति, वर्ग, विकलांग(यदि हो तो)/भूतपूर्व सैनिक आदि स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए, अन्यथा आवेदन पत्र निरस्त माना जावेगा ।

26. इस विज्ञापन के द्वारा नियुक्तियां माननीय न्यायालय द्वारा रिट पिटीशन (सी) क्रमांक 591/2012, 592/2012, 593/2012 एवं 594/2012 में पारित होने वाले अंतिम आदेश/निर्णय के अध्यधीन रहेगी ।

**14. चयन तथा भर्ती पद्धति :-**

1. चयन वांछित शैक्षणिक/तकनीकि योग्यता एवं लिखित परीक्षा के मेरिट, योग्यता क्रम में होगी।

2. सहायक प्रोग्रामर, डाटा एंट्री आपरेटर एवं सहायक ग्रेड–3 के लिये कौशल परीक्षा आयोजित किया जावेगा।

3. कोड कमांक 01, 02 एवं 04 के लिये निम्नानुसार अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगाः–

   अ. निर्धारित शैक्षणिक योग्यता में प्राप्तांक पर 60 अंक निर्धारित किया गया है।

   ब. कम्प्यूटर प्रायोगिक परीक्षा में 30 (अंक 100) अंक निर्धारित है।

   स. शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्थाओं में कार्यरत उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जावेगी। अनुभव पर 10 अंक निर्धारित किया जाता है।

4. आवश्यकतानुसार पदों की संख्या विज्ञापित पद से अधिक या कम हो सकती है । जिसके लिये नियुक्ति कर्ता अधिकारी का निर्णय अन्तिम होगा ।

5. समान अंक प्राप्त होने की स्थिति में जन्मतिथि को आधार मानकर वरीयता तय की जाएगी । जिन अभ्यर्थी को जन्मतिथि पहले होगी उन्हें प्राथमिकता प्रदान की जाएगी ।

6. अनुशासन एवं नियंत्रण–छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के अध्यधीन होंगे तथा नियुक्त कर्मचारी नियोक्ता के नियंत्रण में कार्य करेंगे।

7. यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी नियुक्ति है अतएव नियुक्ति के शर्तों के अनुसार किसी भी समय सेवा समाप्ति की जा सकती है ।

8. सेवा समाप्ति किसी भी कर्मचारी की सेवायें या तो कर्मचारी द्वारा नियुक्त अधिकारी को या नियुक्त अधिकारी द्वारा कर्मचारी को , 1 माह की पूर्व सूचना देकर या 1 माह का वेतन भुगतान कर किसी भी समय समाप्त की जा सकेगी।

9. लिखित/कौशल परीक्षा की तिथि एवं समय की सूचना इस कार्यालय के वेव साईट http://cg.nic.in/revenue दी जावेगी । परीक्षा की सूचना दैनिक समाचार पत्रों में भी प्रकाशित की जावेगी ।

15/2/14

संचालक
भू अभिलेख, छत्तीसगढ़
रायपुर

# आवेदन का प्रारूप

राजपत्रित अधिकारी से सत्यापित स्वयं का फोटो

**प्रति,**

**आयुक्त,**
**भू–अभिलेख, छत्तीसगढ़**
**रायपुर**

**विषय :–..........................................................................................................पद हेतु आवेदन ।**

1. आवेदित पद का कोड नम्बर :–..........................................................................
2. आवेदक का पूरा नाम (हिन्दी में) :–..........................................................................
(अंगेजी में) :–..........................................................................
3. पिता/पति का नाम :–..........................................................................
4. लिंग (महिला/पुरूष) :– ..........................................................................
5. जन्म तिथि शब्दों में :–..........................................................................
(दिनांक 01.01.2014 को आयु) :– वर्ष..............................माह....................दिन.........
6. जाति (अ.जा/अ.ज.जा./पि.व/अन्य :–..........................................................................
(आरक्षित वर्ग सत्यापित प्रमाण–पत्र संलग्न करें) :–..........................................................................
7. वर्तमान पत्र व्यवहार का पूरा पता :– ..........................................................................
:– ..........................................................................
(पिन कोड सहित) :– ..........................................................................
दूरभाष/मोबाईल नं. :–..........................................................................
8. स्थायी पता :–..........................................................................
(पिन कोड सहित) :–..........................................................................
दूरभाष/मोबाईल नं. :–..........................................................................
:–..........................................................................
:–..........................................................................
9. रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन कमांक एवं दिनांक तथा रोजगार कार्यालय का नाम :–..........................................................................
10. क्या आप विवाहित है ? हॉ/नहीं :–..........................................................................
11. क्या दो से अधिक जीवित संतान है ? हॉ/नहीं :–..........................................................................
(यदि हा तो तीसरी संतान की जन्मतिथि) :–..........................................................................
12. क्या आवेदक विकलॉग है ? हॉ/नहीं :–..........................................................................

(यदि हा तो विकलॉग संबंधी मेडिकल बोर्ड सत्यापित प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करें)

13. शैक्षणिक /तकनीकी योग्यता

| क | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | संस्था/बोर्ड/विश्वाविद्यालय का नाम | विषय | प्राप्तांक/पूर्णाक | प्रतिशत | श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

14. सेवारत हो तो जानकारी लिखेः– पदनाम.....................................................................................नियुक्ति की तिथि..........................................कार्यालय संस्था का नाम..............................................................................

15. क्या आप छत्तीसगढ़ के मूल निवासी है, हॉ या नहीं.....................................................................................
(सत्यापित प्रमाण–पत्र संलग्न करें)

संलग्नः– सहपत्रों का विवरण

1.

2.

3.

4'

5.

**आवेदनकर्ता का नाम एवं हस्ताक्षर**

**घोषणा–पत्र**

मैं एतद द्वारा घोषाण करता/करती हूँ कि मैने विज्ञापित पद की पात्रता संबंधी शर्तो को पढ़ लिया है। जहां तक मेरी जानकारी और विश्वास में है कि इस आवेदन पत्र की सभी प्रविष्टियां पूर्ण और सत्य है। त्रुटि पूर्ण एवं छिपाकर तथा अपूर्ण और असत्य जानकारी प्रस्तुत करने पर नियमानुसार मैं स्वयं जिम्मेदार रहूगा/रहूँगी। गलत जानकारी प्रस्तुत करने पर आवेदन पत्र निरस्त किया जावेगा। तथा चयन/ नियुक्ति बिना नोटिस के निरस्त/समाप्त की जावेगी। मूल दस्तावेज/प्रमाण–पत्र मांगे जाने पर प्रस्तुत किये जायेगे।

स्थान............................................

दिनांक........................................

**आवेदनकर्ता का नाम एवं हस्ताक्षर**